# महेश जोशी की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

## ई.डी. की ओर से अदालत को बताया गया कि महेश जोशी के पुत्र की फर्म शुमंगलम् एल.एल.पी. में कान्ट्रेक्टरों ने किन्ही व्यवसायियों के माध्यम से रिश्वत का पैसा डाल रहे थे

-यादवेन्द्र शर्मा-

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट में जल जीवन मिशन घोटाले से जुडे ई.डी. प्रकरण में आरोपी पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी की जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस प्रवीर भटनागर की एकलपीठ ने यह आदेश महेश जोशी की जमानत याचिका पर दोनों पक्षों की बहस सुनकर दिए।

जमानत याचिका में अधिवक्ता स्नेहदीप ने अदालत को बताया कि प्रकरण में उसे फंसाया गया है। प्रकरण को लेकर ए.सी.बी. में दर्ज मूल केस में याचिकाकर्ता का नाम नहीं है। याचिकाकर्ता को एक साल पहले नोटिस दिया गया और उसके बाद बिना कोई परिस्थिति बदले उसे गिरफ्तार कर लिया गया। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि ई.डी. याचिकाकर्ता पर 2.01 करोड़ रुपए का आरोप लगा रही है, जबकि इसे लेकर ईडी के पास कोई साक्ष्य नहीं है और परिवादी यह राशि कहां से लाया, उसका भी उल्लेख नहीं है। इसके अलावा ईडी ने अपनी रिपोर्ट में बेटे की फर्म में 50 लाख रुपए का लेनदेन बता रही है। उन्होंने कहा कि यह राशि महेश जोशी के बेटे, रोहित जोशी, की फर्म, शुमंगलम् एल.एल.पी., ने लोन के तौर पर ली थी और उसे लौटाया भी जा चुका है। उन्होंने आगे कहा कि इस लोन की राशि को लेकर सिविल केस भी लंबित चल रही है। उन्होंने अदालत से समक्ष जिरह करते हुए कहा कि तथ्यों को देखते हुए याचिकाकर्ता को जमानत का लाभ दिया जाए।

जिसका विरोध करते हुए ई.डी. की ओर से अधिवक्ता अक्षय भारद्वाज ने कहा कि प्रकरण में ए.सी.बी. की ओर से दर्ज अन्य एफ.आई.आर. में याचिकाकर्ता की भूमिका को बताया गया है। अक्षय भारद्वाज ने अदालत को बताया कि पूर्व मंत्री महेश जोशी पर केवल इस मामले में, आरोपी दलाल संजय बड़ाला, के साथ सहयोग करने का ही नहीं है, बल्कि कई कान्ट्रेक्टरों को टेण्डर दिलाने की एवज में स्वयं भारी रिश्वत लेने का है। उन्होंने कहा कि इस केवल एक ही टेण्डर के मामले में ई.डी. ने आरोप लगाया है कि पूर्व मंत्री ने 2.1 करोड़ रूपये ऐंठे थे।

अक्षय भारद्वाज ने अदालत को यह भी कहा कि पूर्व मंत्री ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत जारी टेण्डरों में भाग ले रही कई कान्ट्रेक्टरों के द्वारा दिये गये 'इरकोन' (इण्डियन रेलवे कंस्ट्रक्शन इंटरनेशनल लिमिटेड) के फर्जी सर्टिफिकेट को स्वीकृति देने के आदेश दिये थे। पाठकों को बता दें कि 'इरकोन इंटरनेशनल', एक सरकारी कम्पनी है, जो सरकारी टेण्डरों में भाग ले रही कम्पनीयों के कार्यों की गुणवत्ता और मापदण्ड को जांचती है और सर्टिफिकेट देती है। नीति के अनुसार, जिन कम्पनीयों के पास 'इरकोन' द्वारा दिये गये सर्टिफिकेट थे, केवल वहीं कम्पनी 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत जारी टेण्डरों में भाग ले सकते थे।

अक्षय भारद्वाज ने अदालत में कहा कि महेश जोशी का नाम इस प्रकरण में जारी मूल एफ.आई.आर. में नहीं हो परन्तु ए.सी.बी.की एफ.आई.आर. नम्बर 245/2024 में दर्ज है, जिससे स्पष्ट होता है कि महेश जोशी का इस घोटाले में भूमिका अन्य बाकी आरोपियों से कई अधिक है।

अदालत के समक्ष जिरह के दौरान यह भी सामने आया कि महेश जोशी के पुत्र, रोहित जोशी, की फर्म शुमंगलम् एल.एल.पी. में जो 50 लाख रुपये डाले गये थे, वे जिन व्यक्तियों के माध्यम से डाले गये वो न तो रोहित जोशी को जानते ही नहीं थे। उन्होंने यह राशि संजय बड़ाला के कहने पर कम्पनी को दिये गये थे। अक्षय भारद्वाज का कहना था कि ऐसा कैसे हो सकता है कि कोई व्यक्ति किसी को न जानते हुए भी उसे लोन दे? उन्होंने अदालत को कहा कि यह 50 लाख रुपये कुछ और नहीं बल्कि रिश्वत का पैसा है, जिसे संजय बड़ाला के कहने पर कान्ट्रेक्टरों ने किसी व्यवसायी के माध्यम से रोहित जोशी के फर्म में जमा करवाया।

ई.डी. के वकील अक्षय भारद्वाज का कहना था कि यह केवल जांच के लिए गये बयानों से ही नहीं बल्कि कॉल रिकॉर्डिंग और कई अन्य तथ्यों से भी साबित होता है कि पूर्व मंत्री ने एक मुख्य भूमिका निभाई थी इस पूरे घोटाले में।

उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता की ओर से इस राशि को लौटाना भी बताया जा रहा है तो राशि लौटाने से अपराध की गंभीरता कम नहीं होती है। अक्षय भारद्वाज ने अदालत को कहा कि यदि आरोपी को जमानत दी गई तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है, इसलिए उसकी जमानत याचिका को खारिज किया जाए।

उन्होंने अदालत को यह भी कहा कि इस मामले में जमानत पा चुके आरोपी पीयूष जैन, संजय बड़ाया, पदमचन्द जैन और मुकेश मित्तल केवल दलाल का काम कर रहे थे, उनकी भूमिका महेश जोशी के मुकाबले कम है।

- **ई.डी. के वकील अक्षय भारद्वाज ने कहा कि यदि आरोपी को जमानत दी गई तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है, इसलिए उसकी जमानत याचिका को खारिज किया जाए**
- **ई.डी. के वकिल अक्षय भारद्वाज ने अदालत को कहा कि पूर्व मंत्री महेश जोशी ने फर्जी सर्टिफिकेट को स्वीकृति देने के आदेश दिये थे और इसी के लिए ही एक मामले में 2.1 करोड़ की रिश्वत भी ली थी।**
- **ई.डी. के वकील की ओर से कहा गया कि रोहित जोशी, की फर्म शुमंगलम् एल.एल.पी., में 50 लाख रुपये डाले गये थे, वे जिन व्यक्तियों के माध्यम से डाले गये वो न तो रोहित जोशी को जानते ही नहीं थे। उन्होंने अदालत को कहा कि यह 50 लाख रुपये कुछ और नहीं बल्कि रिश्वत का पैसा है।**

# ऑटो चालक पर चाकू से हमला कर लूटपाट करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** सांगानेर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑटो चालक के साथ रिंग रोड पर लूटपाट करने वाले दो बदमाशों को बापर्दा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जानकारी में सामने आया कि आरोपित सवारी बनकर ऑटो चालक को सुनसान जगह ले जाकर चाकू से हमला कर लूट की वारदात करते है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

- **आरोपित सवारी बनकर ऑटो चालक को सुनसान जगह ले जाकर चाकू से हमला कर लूट की वारदात करते है**

पुलिस ने लूटपाट करने वाले दो बदमाशों को बापर्दा गिरफ्तार किया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि सांगानेर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑटो चालक के साथ रिंग रोड पर लूटपाट करने वाले करण निवासी सांगानेर जयपुर और उदय निवासी तुंगा हाल प्रताप नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच पड़ताल में सामने आया कि आरोपित सवारी बनकर ऑटो चालक को सुनसान जगह ले जाकर चाकू से हमला कर लूट की वारदात करते है।पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## खड़े ई-रिक्शा से बैटरी और चार्जर चोरी

**जयपुर।** वैशाली नगर थाना इलाके में खड़े ई-रिक्शा से बैटरी और चार्जर चोरी का मामला सामने आया है। सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी के दौरान मालिक ने ई रिक्शा एक मकान के बाहर खड़ा किया था। जहां आए दो बदमाश खड़े ई-रिक्शा से बैटरी और चार्जर खोलकर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने थाने में ई रिक्शा की बैटरी-चार्जर चोरी का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि बनीपार्क के पावर हाउस रोड निवासी श्याम लाल तिवारी ने मामला दर्ज करवाया है कि वह दिन में ई-रिक्शा चलाने के साथ ही रात में खातीपुरा के किसान नगर में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता है। रात को ड्यूटी के दौरान एक मकान के पास अपना ई-रिक्शा खड़ा कर दिया। देर रात बदमाशों ने ई-रिक्शा को चोरी की नीयत से ई-रिक्शा की बैटरी व चार्जर खोलकर चोरी कर ले गए। सुबह नौकरी पूरी कर ई-रिक्शा संभालने पर चोरी का पता चला।

## कृष्ण कुमार को भाजपा सदस्यता से निष्कासित किया

**जयपुर।** राजस्थान भाजपा में अनुशासन भंग के मामले ने बड़ा रूप ले लिया है। पार्टी ने अपने प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण कुमार जानू को कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत 6 साल के लिए प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। यह कार्रवाई भाजपा की प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने शुक्रवार को आदेश जारी कर की। प्रदेश अनुशासन समिति ने बताया कि 20 जून को कृष्ण कुमार जानू को पार्टी अनुशासन भंग करने के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में उनसे स्पष्ट और संतोषजनक जवाब मांगा गया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा के भीतर जानू ने कोई उत्तर नहीं दिया। भारतीय जनता पार्टी के संविधान में वर्णित प्रावधानों के तहत जब कोई सदस्य अनुशासन भंग करता है और नोटिस का जवाब नहीं देता, तो आरोप स्वत: प्रमाणित हो जाता है। इसी आधार पर सक्षम स्तर की स्वीकृति के बाद उन्हें 6 साल के लिए प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित करने का निर्णय लिया।

# निजी स्कूल पर एक लाख का हर्जाना

## सीबीएसई सभी विषयों के अंकों के साथ नए सिरे से जारी करे अंकतालिका-हाईकोर्ट

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने 12वीं कक्षा के छात्र के कप्लीमेंट्री परीक्षा फॉर्म में एक विषय के बजाए सभी विषय भरने और बाद में उसे अनुपस्थिति के आधार पर फेल दिखाने के मामले में सीकर की एसएम नीमावत पब्लिक स्कूल पर एक लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही अदालत ने सीबीएसई को निर्देश दिए हैं कि वह एक माह में याचिकाकर्ता को मुख्य परीक्षा में चार विषयों के प्राप्त अंकों को शामिल करते हुए नए सिरे से अंकतालिका जारी करे। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश मनीष सैनी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि परीक्षा फॉर्म को देखने से पता चलता है कि उसमें याचिकाकर्ता ने हस्ताक्षर ही किए थे और उसमें विषयों को स्कूल प्रशासन ने ही भरा था। प्रवेश पत्र में जब सभी विषयों को देखा तो याचिकाकर्ता ने इसकी शिकायत की और स्कूल प्रशासन के उचित कार्रवाई का आश्वासन मिलने पर ही कप्लीमेंट्री आए एक विषय की परीक्षा में शामिल हुआ।

- **हाईकोर्ट ने 12वीं कक्षा के छात्र के कप्लीमेंट्री परीक्षा फॉर्म में एक विषय के बजाए सभी विषय भरने और बाद में उसे अनुपस्थिति के आधार पर फेल दिखाने के मामले में सीकर की एसएम नीमावत पब्लिक स्कूल पर एक लाख रुपए का हर्जाना लगाया**

याचिका में अधिवक्ता अमित गुप्ता ने कहा कि याचिकाकर्ता ने सीकर की स्कूल से 12वीं कक्षा में प्रवेश लिया था। परीक्षा में वह रसायन विज्ञान में सप्लीमेंट्री आया और बाद में उसकी परीक्षा में भी फेल हो गया। इस पर उसने कप्लीमेंट्री परीक्षा के लिए आवेदन किया, लेकिन स्कूल प्रशासन ने लापरवाही बरतते हुए उसे आवेदन में पूर्व में पास चार विषयों को भी भर उसे सीबीएसई को भेज दिया। याचिकाकर्ता को प्रवेश पत्र के जरिए इसकी जानकारी मिली तो उसने स्कूल प्रशासन को शिकायत दी। इस पर स्कूल प्रशासन ने उसे उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस पर वह सिर्फ रसायन विज्ञान की परीक्षा में शामिल हुआ। परीक्षा में पास होने के बाद स्कूल ने उसे उत्तीर्ण दिखाते हुए टीसी जारी कर दी। इसके आधार पर उसने बीटेक कर लिया। जब उसने एमटेक में प्रवेश लिया तो उससे 12वीं की अंक तालिका मांगी गई। स्कूल से संपर्क करने पर याचिकाकर्ता को चार विषयों की परीक्षा में अनुपस्थित बताकर फेल की अंकतालिका दी गई।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने रक्षाबंधन पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्ष की भूमिका, मतदाता सूची, राष्ट्रीय सुरक्षा, न्याय प्रक्रिया और सामाजिक समरसता पर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी बात रखी। राठौड़ ने रक्षाबंधन पर्व की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और कर्तव्यबोध का प्रतीक है। भाजपा घर-घर तिरंगा अभियान चला रही है, जिससे हर नागरिक में देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव जागृत हो। उन्होंने कहा कि देशभक्ति केवल सत्ता पक्ष तक सीमित नहीं होनी चाहिए, विपक्ष में भी यही भावना होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त स्वतंत्रता का उत्सव है जिसे पूरे उल्लास से मनाया जाता है। इसके एक दिन पहले विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाकर हम यह संदेश देना चाहते हैं कि देश को दोबारा वैसी त्रासदी का सामना न करना पड़े। जनता को संगठित रहकर राष्ट्र की अखंडता बनाए रखनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि यदि हम एकजुट नहीं हुए, तो बंगाल जैसे हालात देश के अन्य हिस्सों में भी पैदा हो सकते हैं। राठौड़ ने जनता से अपील की कि वह राष्ट्रभक्ति, एकता और विकास के पथ पर संगठित होकर आगे बढ़े और भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें।

- **बाहरी घुसपैठियों, विशेषकर रोहिंग्याओं को हिन्दुस्तान में सरकार बनाने का अधिकार नहीं, नाम हटाने पर आपत्ति क्यों ?: मदन राठौड़**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि विधानसभा सत्र में विपक्ष ने बार-बार हंगामा कर सदन का कीमती समय बर्बाद किया और कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा से दूर रहे। विशेष रूप से एसआईआर को लेकर विपक्ष का रवैया निराशाजनक रहा। राठौड़ ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण एक नियमित प्रक्रिया है, जिसमें नए मतदाता जोड़े जाते हैं और कुछ नाम हटाए जाते हैं। इस पर आपत्ति जताना केवल जनभावनाओं को भटकाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि भारत में कौन शासन करेगा, यह भारत का नागरिक तय करेगा। बाहरी घुसपैठियों, विशेषकर रोहिंग्याओं के मतदाता सूची में नाम जोड़ने की घटनाएं पूर्वोत्तर और असम में चिंता का विषय हैं। इस पर राहुल गांधी को संजीदगी से विचार करना चाहिए, न कि संसद में हंगामा करना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जैसे वरिष्ठ नेताओं को भी ऐसे विषयों पर जिम्मेदारीपूर्ण बयान देने चाहिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने उदयपुर फाइल्स को लेकर स्पष्ट किया कि भाजपा न्याय प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करती। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस सवाल उठा रही है, तो उन्हें यह भी जवाब देना चाहिए कि आतंकी कसाब को सजा दिलाने में देरी क्यों हुई और किसने उसे बचाने की कोशिश की थी। सचिन पायलट पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि गहलोत "नकारा, निकम्मा" जैसे शब्दों से मन की टीस पहुंचती है, यह शब्द दिमाग में भी सदैव जीवित रहते है। विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन भाषा की मर्यादा और शब्दों का चयन हमेशा संतुलित होना चाहिए।

# 11 अगस्त को फसल बीमा क्लेम वितरण कार्यक्रम

**जयपुर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान 11 अगस्त को झुंझुनू में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को डीबीटी के माध्यम से फसल बीमा क्लेम वितरित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने शुक्रवार को पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में जयपुर, झुंझुनू, कोटपुतली एवं सीकर जिलों के जिला कलेक्टर और संबंधित विभागीय अधिकारियों से समारोह की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

- **केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान होंगे मुख्य अतिथि, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित होगा कार्यक्रम**

उद्यानिकी राजन विशाल ( बीच में ) ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से समारोह की तैयारियों को लेकर चर्चा की।

राजन विशाल ने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों की प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिए कि सभी तैयारियाँ समयबद्ध व व्यवस्थित तरीके से पूर्ण की जाएं, ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो। शासन सचिव ने समारोह के सफल आयोजन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को दिए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में समन्वय बनाते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी ने आयोजन की व्यवस्थाओं से जुड़े विभिन्न विभागों को आपसी समन्वय से काम करते हुए सभी व्यवस्थाएं बेहतर रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर किसानों के पहुंचने, बैठने और पेयजल की समुचित व्यवस्थाएं की जाए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग की बेहतर सुविधा सुनिश्चित करने के साथ ही चिकित्सा सुविधा के अनुकूल बंदोबस्त करने के निर्देश दिए।

बैठक में कृषि आयुक्त सुचिन्मयी गोपाल, झुंझुनू जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग, अतिरिक्त निदेशक कृषि विपणन विभाग रविंद्र कुमार शर्मा, मुख्य लेखा अधिकारी कौशल्या सांकृत्य, अतिरिक्त निदेशक उद्यान हिरेंद्र कुमार शर्मा, अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) सुरेंद्र सिंह शेखावत, अतिरिक्त निदेशक कृषि (आदान) गोपाल लाल जाट सहित कृषि एवं उद्यान विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### लोकसभा अध्यक्ष बिरला को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**जयपुर।** लायन्स क्लब जयपुर हवामहल ने सेवा, नेतृत्व और राष्ट्रगौरव की दिशा में एक नया इतिहास रचते हुए दो दिवसीय राष्ट्रपति भवन एवं संसद भवन भ्रमण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। क्लब अध्यक्ष अंकित खंडेलवाल और एडमिनिस्ट्रेटर कैलाश खंडेलवाल ने बताया कि यह आयोजन क्लब की राष्ट्रीय पहचान को और अधिक सशक्त बनाने वाला सिद्ध हुआ और विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में उठाया गया एक क़दम है कार्यक्रम संयोजक अनूप खंडेलवाल और धर्मेश सक्सेना ने बताया कि लॉयन सदस्यों के लिए यह कार्यक्रम लोकतांत्रिक संस्थाओं को नजदीक से समझने और अनुभव करने का अनमोल अवसर बना। एस एन गुप्ता और सुरेंद्र गुप्ता ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लायन्स क्लब जयपुर हवामहल द्वारा प्रेस्टीजियस लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। और इस ऐतिहासिक क्षण में उन्हें आगामी कार्यक्रम हेतु सपरिवार जयपुर आमंत्रित किया गया, जिसे उन्होंने ससम्मान स्वीकार किया। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष को लॉयन्स क्लब जयपुर हवामहल के अध्यक्ष अंकित खंडेलवाल ने क्लब द्वारा किये जा रहे 1008 कार्यों की जानकारी की प्रति भेंट की जिसकी लोकसभा अध्यक्ष ने जमकर सराहना की और सभी मेंबर्स को बधाई दी

### डॉ. विजयलक्ष्मी शर्मा राजस्थान उच्च न्यायालय मीडिएशन सेंटर में मनोनीत

**जयपुर।** मणिपाल विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. विजयलक्ष्मी शर्मा को माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय मीडिएशन सेन्टर में, मध्यस्थता के रूप में मनोनीत व सूचीबद्ध किया गया है। जहां वो मध्यस्थता संबंधित मामलों में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगी। डॉ शर्मा राज्य में एक मात्र महिला विधि प्रोफेसर हैं जिन्हें मध्यस्थता के रूप मनोनीत किया गया है। डॉ शर्मा ने बताया कि मध्यस्थता न्याय प्राप्त करने का एक सस्ता व सुगन विकल्प है जिसको अपनाने से महंगी और लंबी कानूनी प्रक्रियाओं से बचा जा सकता है। डॉ शर्मा ने अपने इस मनोनयन पर अपने माता - पिता, गुरुजनों व परिवार को श्रेय दिया है।

### रक्षासूत्र बांध सड़क पार लगाए पौधे

**जयपुर।** निवारू रोड स्थित रिकॉल किड्स प्ले स्कूल की ओर से स्कूली बच्चों ने पौधों को रक्षा सूत्र बांध कर पौधरोपण किया। स्कूल संस्थापक नीरजा श्रीवास्तव ने बताया कि इस दौरान 251 पौधे लगाए गए। साथ ही बच्चों के द्वारा पौधों को राखी बांधकर उनकी रक्षा की शपथ भी दिलाई। साथ ही प्रकृति की रक्षा के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्कूल अध्यापिका और स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

### शादी का झांसा देकर देह शोषण के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**जयपुर।** सदर थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर देह शोषण के मामले में दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को धर-दबोचा है। जो पिछले तीन माह से फरार चल रहे थे।पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि सदर थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर देह शोषण के मामले में दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए मनीष सिंह सागर निवासी आगरा यूपी हाल हसनपुरा जयपुर और मोहम्मद शोयेब निवासी अमरोहा यूपी हाल हसनपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया है।

# 100 स्वच्छता योद्धाओं ने वेस्ट मैटेरियल से राखियां बनाकर महापौर को बांधी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने निगम मुख्यालय पर सैकड़ों स्वच्छता योद्धाओं को राखी बांधी और उनसे सर्वेक्षण 2025 में टॉप 3 रैंक लाने का वचन लिया। महापौर ने सभी को पौधे वितरित किए और "एक पौधा मां के नाम" लगाने का आव्हान किया। इस दौरान महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के निर्देशन में 100 से ज्यादा स्वच्छता योद्धाओं ने आर.आर.आर. सेंटर पर वेस्ट मैटेरियल से 5000 से अधिक राखियां बनाई। इन राखियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भेजकर पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।

- **महापौर ने स्वच्छता योद्धाओं को राखी बांध कर स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में टॉप 3 रैंक लाने का लिया वचन**
- **कार्यक्रम में महापौर ने वृक्ष को भी राखी बांधी और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया**

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ( बीच में ) के निर्देशन में 100 से ज्यादा स्वच्छता योद्धाओं ने आर.आर.आर. सेंटर पर वेस्ट मैटेरियल से 5000 से अधिक राखियां बनाई।

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने कहा की "वेस्ट से बेस्ट" की पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कदम है बल्कि स्वच्छता कर्मियों की सृजनशीलता और मेहनत का सम्मान भी है। कार्यक्रम में महापौर ने वृक्ष को भी राखी बांधी और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

महापौर ने रक्षाबंधन पर्व पर सभी को शुभकामना देते हुए पार्षदो, चैयरमैन, निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों को राखी बांधी। 100 से अधिक महिला स्वच्छता योद्धाओं ने नगर निगम ग्रेटर सेन्टर पर वेस्ट मैटेरियल से राखियां बनाई। ये राखियां प्लास्टिक के ढकनों, पुराने कपड़ो, धागो, ऊन, बचे हुए सजावटी सामान डिब्बीयों जैसे वेस्ट मैटेरियल से तैयार की जा रही है। महापौर डॉँ सौम्या गुर्जर की पहल पर यह नवाचार किया गया।

# भू-संरक्षण विभाग के अधिकारियों ने किया पौधारोपण

श्रीरामपुरा के चारागाह क्षेत्र में वृक्षारोपण किया।

**जयपुर।** मुहम्मद जुनैद, निदेशक, जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग ने बताया कि राज्य में मिशन हरियालो राजस्थान मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महा अभियान (एक पेड़ मां के नाम) के तहत आज शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों के माध्यम से जयपुर जिले की श्रीरामपुरा ग्राम पंचायत फाल्यावास के चारागाह क्षेत्र में वृक्षारोपण/बीजरोपण का कार्य सम्पादित किया गया, जिसके तहत सहजना के 700 पौधे तथा स्थानीय प्रजाति के बीजों का रोपण किया गया।

निदेशक ने बताया कि राज्य में मिशन हरियालो राजस्थान मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महा अभियान (एक पेड़ मां के नाम) संचालित किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 के दौरान जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विकास हेतु पंचायती राज विभाग मंत्री मदन दिलावर द्वारा एक करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य आवंटित किया है। इस अवसर पर जुनैद ने बताया कहा कि एक करोड़ पौधे लगाने के निर्देशों के कम में विभाग द्वारा सभी जिलों को लक्ष्य आवंटित किए हैं। इनमें प्रत्येक कार्मिक के माध्यम से 450 पौधारोपण का लक्ष्य भी सम्मिलित है। इसलिए आज प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत जयपुर जिले के बस्सी ब्लॉक में स्वीकृत जलग्रहण परियोजना डब्ल्यूडीसी-6/2022-23 के गांव श्रीरामपुरा ग्राम पंचायत फाल्यावास के चारागाह क्षेत्र में पौधारोपण किया गया।